# <u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

## इरेडा का नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के सह-वित्तपोषण के लिए यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ समझौता ज्ञापन,



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन

मुंबई, 5 सितंबर, 2023

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (यूबीआई) और बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के विकास में तेजी लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। ये समझौते नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए सह-उधार और ऋण सिंडिकेशन की सुविधा प्रदान करेंगे।



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ समझौता ज्ञापन पर औपचारिक रूप से इरेडा के महाप्रबंधक (तकनीकी सेवा), श्री भरत सिंह राजपूत और यूबीआई के महाप्रबंधक (लार्ज कॉर्पोरेट वर्टिकल), श्री धीरेंद्र जैन, द्वारा हस्ताक्षर किए गए । इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने के अवसर पर, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास, यूबीआई के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, सुश्री ए. मणिमेखलाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

इसके अतिरिक्त, बैंक ऑफ बड़ौदा के साथ समझौता ज्ञापन पर इरेडा के श्री भरत सिंह राजपूत और बैंक ऑफ बड़ौदा के महाप्रबंधक, श्री धीरेन लालाई द्वारा हस्ताक्षरित किए गए । इस समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर करने के

अवसर पर  इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास और  बीओबी के एमडी एवं सीईओ, श्री देबदत्त चंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित  थे।



ये समझौता ज्ञापन, इरेडा, यूबीआई और बीओबी को स्थापित और उभरती आरई प्रौद्योगिकियों दोनों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए सह-उधार देने में सहयोग करने के लिए सशक्त बनाएंगे।

इन साझेदारियों के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा, "यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा दोनों की शाखाओं के विशाल नेटवर्क के साथ देश भर में व्यापक उपस्थिति है। इस सहयोग का उद्देश्य विशेष रूप से टियर-2 और टियर-3 शहर और ग्रामीण क्षेत्र में हमारी पहुंच का विस्तार करना है जोकि हमें मौजूदा और नए ग्राहकों को यूनिक और अभिनव वित्तीय सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाते हैं। हमें विश्वास है कि अपनी शक्ति  और संसाधनों के संयोजन से, हम अपने ग्राहकों को आत्मनिर्भर भारत और सतत विकास के लिए माननीय प्रधान मंत्री के विजन के अनुरूप सेवा देना जारी रखेंगे ।"

हाल के वर्षों के दौरान, इरेडा द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ-साथ वित्तीय संस्थानों के साथ सक्रिय रूप से साझेदारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।